दिनांक 27–04–2018 को अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में प्राचार्य डॉ. कृष्णकान्त गुप्ता जी के निर्देशन में अंग्रेज़ी विभाग के अन्तर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें वक्ता श्री राजेस्श मारवाह, बौद्धि नैक्सर रहे । परम्परानुसार कार्यशाला का आरम्भ दीप प्रज्ज्वलन से किया गया । कार्यशाला का शीर्षक साम्वेगिक बुद्धि (Emotional Intelligence) रहा ।

कार्यशाला का उद्देश्य–स्वयं जागरूक होकर किस प्रकार समाज में अच्छा सम्बन्ध व ताल–मेल बना सके रहे । साम्वेगिक बुद्धि को परिभाषित करते हुए बताया कि जागरूक होकर दूसरों को समझना ही भावनात्मक कौशल है । बुद्धि (Intelligence) के विभिन्न प्रकार बताते हुए उन्होंने IQ/EQ में अन्तर स्पष्ट करते हुए कहा कि EQ अर्थात् साम्वेगिक बुद्धि द्वारा ही हम जीवन जीने में सफल हो सकते हैं । उन्होंने छोटी–छोटी गतिविधियाँ करा कर प्रतिभागियों को एक–दूसरों के विचारों से परिचित कराया ।

सभी प्रतिभागियों को इस विषय में अवश्य ही नई जानकारी प्राप्त हुई । प्रतिभागी नई जानकारी को अपने करियर में अपनाकर अवश्य ही लाभान्वित होंगें । अन्त में अंग्रेज़ी विभागाध्यक्षा श्रीमति कमल टंडन ने सभी का धन्यवाद किया ।